# World Human Rights Day

Date → 10.12.18

आज दिनांक - 10 दिसंबर 2018 को महाविद्यालय परिसर में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का थीम — "Stand up for Human Rights" था। इसके अन्तर्गत एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विष्णु कुमार को प्रथम पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर प्रो॰ (डॉ॰) मुरलीधर प्रसाद सिंह ने National Human Rights Commission की चर्चा की और कहा किस तरह से हम सिर्फ एक application की मदद से न्याय पा सकते है या किसी प्रकार की हो रही शोषण/प्रताड़ना को रोक सकते हैं। प्रो॰ (डॉ॰) अभिमन्यु कुमार ने बताया कि भूखे-नंगे व्यक्ति के लिए अधिकार की बात कर पाना काल्पनिक लगता है। उन्होंने NSS volunteers से अपील की कि हम इनके हक के लिए लड़ें। एन॰ एस॰ एस॰ कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो॰ अनिशा भारती ने विश्व मानवाधिकार दिवस क्यों मनाया जाता है तथा विश्व भर में कैसे भेदभाव (सामाजिक, आर्थिक, लैंगिक, राजनीतिक आदि) को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने Apartheid policy को खत्म करने में श्री नेल्सन मण्डेला का उल्लेख किया। उन्होंने गाँधीजी के सामाजिक एकीकरण का भी उल्लेख किया। उन्होंने बाल मजदूरी, बन्धुआ मजदूर, औरतों पे हो रहा रहे अत्याचार पर भी बल दिया। उन्होंने बलात्कार को एक मानसिक रुग्णता का रूप बताया। उन्होंने समाज में व्याप्त जात-पात, ऊँच-नीच, अमीर-गरीब आदि के भेदभाव को मिटाने के लिए NSS के स्वयंसेवकों को आगे बढ़ने की अपील किया। NSS volunteer सत्यम कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

अनिशा भारती

NSS programme Officer

P.O., N.S.S.
B.N.M. College, Barhiya

